तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 24 अप्रैल 2024



11 हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम जारी आठवीं में चंचल प्रथम



12 निकाली शोभायात्रा, पंथी नृत्य बना आकर्षण का केंद्र







## JEE व NEET की समर कोर्स व ड्रापर बैच प्रारंभ प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट..(भिलाई)

**भिलाई।** प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट में JEE व NEET की समर क्लासेस 1 मई से प्रारंभ हो रही है। ऐसे छात्र जो अभी 12वीं, 11वीं, 10वीं में प्रवेश लिए है। उनके लिए दो माह का समर कोर्स में दाखिला ले सकते है। इसमें दो माह में प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास लिया जाता है। सप्ताह के सातों दिन कक्षा संचालित होती है। प्रत्येक रविवार को टेस्ट होता है। छात्र-छात्राओं के लिए स्टडी मटेरियल, डीपीपी, ड्रेस व बैग छात्र-छात्राओं को प्रदान किया जाता है। समर कोर्स में 10वीं, 11वीं व 12वीं की संपूर्ण स्लेबस देश के प्रतिष्ठित शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाता है। ताकि छात्र-छात्राओं को जेईई व नीट की तैयारी में मदद मिले। इसलिए ऐसे छात्र जो डॉक्टर व इंजीनियर बनने का सपना देख रहे उनके लिए समर कोर्स काफी उपयोगी है। क्योंकि दो माह में छात्र-छात्राओं को कोटा के शिक्षकों व देश के प्रतिष्ठित शिक्षकों द्वारा स्लेबस पूरा कराया जाता है। छत्तीसगढ़ में पिछले वर्ष NEET में सबसे

**NEET की द्वितीय ड्रापर बैच 10 मई से प्रारंभ**

अधिक छात्र-छात्राओं का सलेक्शन इस संस्था के द्वारा हुआ था। क्योंकि यहां के शिक्षक सभी आईआईटीयंस व डॉक्टर के साथ काफी अनुभवी होते है जिसका पूरा फायदा छात्र-छात्राओं को होता है। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कुंवर सिंह 720 नंबर में 695 अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह अपूर्व 680, अंकित मंडावी 655, ओमप्रकाश 632, आकांक्षा यादव 617, शेता सिंह 612 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है। इसी प्रकार आईआईटी-जेईई की परीक्षाओं में समीर लाडेकर आईआईटी मुंबई, शैलेंद्र साहू आईआईटी पटना, प्रफुल देवांगन आईआईटी B.H.J. में दाखिला हुआ। इसी तरह अनेक छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज और आईआईटी व NIT कॉलेज में दाखिल हुआ। प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट भिलाई शाखा में लगातार नीट व जेईई में टॉप टेन में परिणाम दे रहा है। जो देश में एक अलग पहचान बनाया है क्योंकि यहां डॉक्टर और आईआईटीयंस के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां हॉस्टल की भी सुविधा है। यहां छात्र-छात्राओं के लिए मोटिवेशन कोर्स होता है, जिसमें कैरियर के बारे में जानकारी दी जाती है। प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट देश में ऐसी संस्थान है, जहां स्टार बैच भी है। स्टार बैच में पढ़ने के बावजूद नीट व जेईई में चयन नहीं होने पर 100 प्रतिशत फीस वापसी की गारंटी है। वो भी लिखित दस्तावेज के साथ, भिलाई में हमारी तीन शाखा है। 58 ए मार्केट, प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट सेक्टर-10, 178 व 179 न्यू सिविक सेंटर, तीसरा 262 जोनल मार्केट में संचालित है। छात्र-छात्राएं उपरोक्त पते पर नामांकन करवा सकते है। विशेष जानकारी के लिए संपर्क करें। मो. नं. 83195-71812 advt


## खबर संक्षेप



### 15 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी जेल दाखिल

**बिलाईगढ़।** थाना प्रभारी उप निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम पुरगांव में रेड कार्रवाई की गई। इस दौरान आरोपी के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब जब्त की गई, जहां उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि पुरगांव निवासी 57 वर्षीय धनवार पिता बिहानू धनवार अपने घर के पीछे बाड़ी में बिक्री करने रखे अवैध रूप से महुआ शराब रखने की जानकारी मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रंगे हाथ पकड़ा। पकड़ी गई महुआ शराब की कीमत 1500 रुपए आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34, 2 आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया।

### सोना-चांदी, नगदी सहित 1.85 लाख रुपए की चोरी

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम शिकारीपाली से सोने-चांदी के साथ नगदी रकम की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रार्थी बूंदराम नायक पिता खामसिंग (56) शिकारीपाली निवासी के घर से सोने-चांदी के जेवर कीमत 85 हजार रुपए एवं नगदी रकम 1 लाख रूपए कुल 1 लाख 85 हजार रुपए को चोरी हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध कायम किया है।

### जहर सेवन करने से युवक की मौत



**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम हरिलछापर निवासी युवक की जहर सेवन करने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 13 नवंबर 2023 को उमेश कश्यप पिता अमृत (23) ने जहर सेवन कर लिया, उसे इलाज के लिए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### खेत में लगे फेंसिंग खंभे से टकराई बाइक, मौत

**महासमुंद।** ग्राम खट्टा पतई रोड किनारे खेत में लगे फेंसिंग खंभे से टकराकर बाइक चालक की मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 04 एमवी 9212 का चालक डोमेंद्र ध्रुव पिता आनंद ध्रुव निवासी पटेवा वाहन को तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए तार खंभे से टकरा गया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगी और उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध कायम करते हुए जांच विवेचना में लिया है।

## हनुमान जन्मोत्सव : मंदिरों में हुए विविध धार्मिक कार्यक्रम, भंडारे में लोगों ने खाया प्रसाद

# शुभ मुहूर्त में हुई संकटमोचन की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

अंचल के मोहरा, रावन, सकलोर के विभिन्न स्थानों पर स्थित हनुमान मंदिरों में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सुंदरकांड के पाठ से मंदिर गूंजते रहे। हिरमी स्थित संकट मोचन मंदिर व जय स्तम स्थित हनुमान मंदिर में परिसर में श्री हनुमान जयंती का आयोजन विधि विधान पूर्वक किया गया। यहां पहुंचे भक्तों ने हनुमानजी की पूजा अर्चना की और शीश झुका कर कल्याण की कामना की और हनुमान जन्मोत्सव मनाया। घरों और मंदिरों में भक्तों ने सुंदरकांड का पाठ कर विधिवत पूजा–अर्चना की। इसके बाद प्रसाद का वितरण भी किया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाया। लोगों ने माथे पर लाल तिलक लगाया।

**हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में हुआ सुंदरकांड का पाठः** गायत्री प्रज्ञापीठ हनुमान मंदिर में पुजारी श्यामसुंदर के नेतृत्व में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। यहां प्रात काल से ही पूजापाठ प्रारंभ हो गई थी। सायंकालीन भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इस बीच लोगों ने हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ किया। पुजारी श्याम सुंदर ने कथा में कहा धर्म में भगवान श्री हनुमानजी की पूजा सभी संकटों, शोक, भय और रोग आदि को दूर करने वाली मानी गई है। सप्तचिरंजीवी में से एक श्री हनुमानजी एक ऐसे देवता हैं जो हर युग में मौजूद रहते हैं और अपने भक्तों द्वारा सुमिरन करने मात्र पर ही उनकी रक्षा करने के लिए दौड़े चले आते हैं। मान्यता है कि मंगलवार के दिन श्री हनुमानजी की पूजा में गोस्वामी श्री तुलसीदास द्वारा रचित सुंदरकांड का पाठ करने से साधक पर शीघ्र ही हनुमत कृपा बरसती है और जीवन में सब मंगल ही मंगल होता है।



### गुलाब की माला और सिंदूर लगाकर की हनुमानजी की पूजा



भवानीपुर। भवानीपुर-खपरी सहित रीवाडीह, चरौदा, बम्हनी, भरुवाडीह, वटगन, जुनवानी, बम्हनी, सहाड़ा आदि ग्रामों में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही मंदिरों में हनुमान भक्तों की भीड़ देखने को मिली। पं. रघुवरदास वैष्णो द्वारा मंत्र उच्चारण कर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। मंदिर में भक्तों द्वारा शौर्य और साहस के प्रतीक माने जाने वाले श्री हनुमान भगवान की पूजा अर्चना की। भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए हनुमानजी की मूर्ति पर गुलाब की माला, चोला और सिंदूर लगाकर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। युवाओं ने कीर्तन मंडली के साथ गली में भगवान श्रीरामचंद्र हनुमान का फोटो लिए जयश्री राम के नारो के साथ झंडा लहराते हुए निकले, जिसे हर गली हर चौक में पुष्पमाला एवं श्रीफल गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। जगह–जगह पर प्रसादी वितरण का आयोजन रखा गया था और रामायण मंडली द्वारा सुबह से भगवान श्रीरामचंद्र एवं हनुमानजी का भक्तिमय संगीत को युवाओं एवं समस्त ग्रामवासियों ने आनंद लिया। बाजार चौक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें सभी भक्तों एवं आने जाने वाले सभी श्रद्धालु को प्रसाद दिया गया। इस अवसर पर नंदकुमार साहू, सुसेन कमल, जगदीश गजेंद्र, एवन लाल देवदास, ओंकार प्रसाद साहू, मोनू ध्रुव, मनीराम यादव, गौराम प्रसाद निषाद, दौवाराम साहू, दुख निषाद, द्वारका साहू, दूजराम निषाद, बलराम निषाद, दाऊलाल ध्रुव, हृदय लाल ध्रुव, राजकुमार निषाद, कामदेव साहू, धनेश्वर साहू, रूपराम साहू, लोकनाथ साहू, कलाराम ▶▶ शेष पेज 11 पर

### निकाली झांकी, मंदिरों में उमड़ी भीड़

**लवन।** चैत्र पूर्णिमा पर विभिन्न योगों के संयोग में हनुमान जयंती उल्लास से मनाई गई। इस साल हनुमान जयंती इसलिए खास है कि, यह मंगलवार के दिन पड़ी है। मंगलवार को ही चित्र नक्षत्र, सर्वार्थसिद्धि योग में हनुमान का जन्म हुआ था। नगर के गृह दिल में स्थित 100 साल पुरानी ऐतिहासिक शक्ति पीठ हनुमान मंदिर के अलावा बाजार चौक, मेन रोड में स्थित मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त से लेकर रात तक भक्तिभाव का माहौल छाया रहा। नगर में हनुमान जयंती की धूम, मंदिरों में उमड़े हनुमान भक्त, शोभायात्रा में झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। सभी मंदिरों में सुबह प्रतिमा पर चोला श्रृंगार, पूजन, महाआरती की गई। ऐतिहासिक हनुमान मंदिर में महाभंडारा का आयोजन किया गया। गाजे, बाजे और झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई और मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा की चौपाइयां भक्ति भाव से पढ़ी गई। सुबह प्रतिमा का श्रृंगार करके दोपहर 12 बजे महाआरती की गई। इसके पश्चात दोपहर एक बजे से महाभंडारे का आयोजन किया गया। नगर स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में सुबह पांच बजे दुग्धाभिषेक, श्रृंगार किया जाएगा। केशव मिश्रा ने बताया कि शाम छह बजे महाआरती होगी। मंदिर में प्रत्येक मंगलवार, शनिवार को चोला चढ़ाने की परंपरा चली आ रही है।



### विशेष पूजा-अर्चना, हवन - पूजन व दर्शन के लिए मंदिरों में उमड़ी भीड़

**खरोरा।** हनुमान जन्म उत्सव पर नगर के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। शास्त्रों के अनुसार मंगलवार का दिन हनुमानजी को समर्पित माना गया है और साल 2024 में हनुमान जन्मोत्सव के दिन भी मंगलवार पड़ रहा है। मंगलवार के दिन हनुमान जन्मोत्सव होने के कारण इस दिन का महत्व और बढ़ गया है। हनुमानजी ब्रह्मचारी के रूप में पूजे जाते हैं। उनकी पूजा का विधान बताया गया है। अगस्त्य संहिता और आयु पुराण के मुताबिक हनुमानजी अमर माने जाते है। हनुमान जन्मोत्सव उत्तर भारत में चैत्र महीने की पूर्णिमा पर यानी आज मनाया गया है। इस बार हनुमान जयंती पर पूजा का मुहूर्त सुबह 11.25 बजे से शुरू होकर 12.18 बजे तक है। शास्त्रों के अनुसार चैत्र की पूर्णिमा पर भगवान श्रीराम की वि निस्वार्थ सेवा के उद्देश्य से भगवान भोलेनाथ के 11 के रूप में में हनुमान का जन्म हुआ। शंकर का शिवालय जिस तरह बिना नंदी के नहीं होता, उसी तरह श्रीराम के देवालय की पूर्णता हनुमान की मूर्ति के बिना नहीं होता। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर नगर में सुबह राम भक्त हनुमान की विधि विधान से पूजा के बाद आरती की गई। इसके बाद विशाल भंडारा शुरू हुआ। प्रसाद ग्रहण ▶▶ शेष पेज 11 पर



## दुष्कर्म का आरोपी गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

नाबालिग को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाने और दुष्कम को अंजाम देने वाला युवक को पुलिस ने शिकायत दर्ज होते ही गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां उसे रिमांड पर जेल भेजा गया है।

थाना बिलाईगढ़ पुलिस टीम के अनुसार 22 अप्रैल को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 अप्रैल को प्रार्थी कि नाबालिग लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया। आरोपी के विरुद्ध पर अपराध धारा 363, 366 ए, 376,2 एन भादवि 04, 06 पक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना ▶▶ शेष पेज 11 पर



## हनुमान जन्मोत्सव...



**गोपालपुर।** गांव के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर बिहार साहू एवं तुला राम साहू के सौजन्य से खीर–पुरी का प्रसाद वितरण किया गया। इस पूण्य कार्य में भागवत साहू पंच, जीवन लाल साहू, पप्पू साहू, हीम्मत साहू एवं मोहल्लावासियों का विशेष योगदान रहा।

## 15 माह में 9 हजार से भी अधिक लोगों के लिए संजीवनी बनी 108

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

एम्बुलेंस 108 की सेवा निरंतर अपने नाम के अनुरूप घायलों, मरीजों को त्वरित आपातकालीन सेवा प्रदान करते हुए संजीवनी की भूमिका निभा रही है। बीते 15 माह जनवरी 2023 से मार्च 2024 के दौरान जिले के 9 हजार से अधिक लोगों की जान बचाने में 108 संजीवनी एक्सप्रेस ने अपनी सार्थक भूमिका निभाई है। सेवा का संचालन करने वाली संस्था द्वारा बीते 15 माह का आंकड़ा जारी करते हुए बताया गया कि आपातकालीन परिस्थितयों में 108 की सेवा ने 9868 हज़ार लोगों की मदद की है।

- घायलों को मिल रहा है बेहतर और त्वरित आपातकालीन नि :शुल्क सेवा का लाभ



जिले में 8 एम्बुलेंस के माध्यम से हर दिन 108 संजीवनी एक्सप्रेस अनेक लोगों की जान बचाने का नेक कार्य कर रही है। संस्था ने बताया कि बीते वर्ष 1 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2024 तक कुल 9868 हज़ार लाभार्थियों को 108 की आपातकालीन सेवाओं का लाभ पहुंचाया गया है, ▶▶ शेष पेज 11 पर

## तीन दिन बंद रहने का किया गया था एलाउंस, नहीं सुधरी व्यवस्था

# मोटर खराब, नगर में सप्ताहभर से पेयजल समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

स्थानीय नगर पंचायत बिलाईगढ़ में विगत सप्ताहभर से नल जल योजना ठप पड़ी है, जिसके कारण नगरवासियों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय नगर पंचायत बिलाईगढ़ में विगत सप्ताह भर से नल जल योजना ठप पड़ जाने के कारण नगर में जलापूर्ति नहीं होने से पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। सूत्रों के मुताबिक नगरवासियों को गर्मी के मौसम में पेयजल की भीषण समस्या से जूझना पड़ रहा है। साथ ही साथ निस्तारी की भी समस्याओं का सामना रहवासियों को करना पड़ा है। नगर पंचायत बिलाईगढ़ द्वारा चार–पांच दिन पहले कचरा गाड़ी से अनाउंसमेंट कराया गया था कि नगर के मेन मोटर में खराबी आ जाने के कारण आगामी तीन दिनों तक नल नहीं खुलेगा। इसमें ऐसा नहीं बोला गया कि असुविधा के लिए खेद है, जिनकी व्यापक चर्चा नगर में व्याप्त है। गर्मी के मौसम में हो रही जल की भीषण समस्या के कारण स्थानीय प्रशासन के उदासीनता एवं लापरवाही के प्रति लोगों में आक्रोश व्याप्त है। रहवासियों ने मांग की है कि नल जल व्यवस्था तत्काल दुरुस्त की जाए।इस संबंध में नगर पंचायत बिलाईगढ़ के सीएमओ योगेंद्र कर्ष से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि यहां वोल्टेज प्रॉब्लम है तथा खराब मोटर पंप बन गया है। आज शाम तक नल जल योजना चालू हो जायेगी।




### 5 दिन बाद भी पेयजल व्यवस्था दुरुस्त नहीं

आज 5 दिन बीत जाने के बाद भी नगर में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पाने से जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवालिया निशान उठ रहा है। लोगों का कहना है कि क्या नगर में एक ही मोटर पंप है। आकस्मिक तौर पर और ऐसी व्यवस्था नहीं है, जिसे बनाने एवं बदलने में सप्ताह भर का समय लग रहा है।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### मेगा समर कैंप 1 मई से पोस्टर का किया विमोचन

**रायपुर।** यूनियन क्लब एवं सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 1 मई से 15 जून तक मेगा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैंप में 8 से 18 साल आयु वर्ग के भाग ले सकते हैं। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ एवं यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण होरा ने बताया कि मेगा समर कैंप मोतीबाग चौक यूनियन क्लब में आयोजित किया जा रहा है, जिसका पोस्टर विमोचन संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ,छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत अध्यक्ष महेश दरयानी, शंकर नगर पंचायत मुखी मुरली केवलानी एवं सतीश छुगानी के अलावा विक्की लोहाना, मुकेश पंजवानी, चंदन जैसिंघ, प्रणीत सुंदरानी, नितिन कृष्णानी, जीतेंद्र मलघानी, दीपक रामनानी, संजीव जसवानी आदि शामिल थे।

### प्रेस क्लब को भेंट किया नया वाटर कूलर



**रायपुर।** भगवान महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में विमल महिला मंडल भैरव सोसाइटी ने रायपुर प्रेस क्लब को नया वाटर कूलर भेंट किया है। वॉटर कूलर का उद्घाटन रविवार को प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, भगवान महावीर जन्म कल्याणक समिति के अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा, सदस्य अमर बरलोटा, कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल, विमल महिला मंडल भैरव सोसाइटी की अध्यक्ष हर्षिता टाटिया और सदस्यों ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विमल महिला मंडल की सदस्यों ने नारे व जयकारों के माध्यम से भगवान महावीर के संदेशों से अवगत कराया। इस अवसर पर महिला मंडल से प्रिया लोढ़ा, कोकिला सुराना आदि मौजूद रहे।

### मतदान जागरूकता, निकाली मेगा कार रैली



**रायपुर।** इनरव्हील क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर ने रविवार को सरकार द्वारा संचालित मेगा कार रैली में हिस्सा लिया तथा लोगों को वोटिंग के प्रति जागरूक किया। भारतीय चुनाव आयोग की तरफ से सौ फीसदी मतदान के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। जहां लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर गौरव सिंह ने सभी को अवगत कराया कि गर्मी को देखते हुए वोटिंग की समयसीमा भी बढ़ाई गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग कर सकें। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष पुष्पा मालवीय, पूर्व अध्यक्ष शारदा सिंह एवं अन्य सदस्य प्रियंका मिश्रा, रुचिता राव, डॉ. अनामिका सिंग, डॉ. रितु जैन इत्यादि भी उपस्थित थे।

# सालभर में आरपीएफ ने 1098 यात्रियों की पहचान कर लौटाया बैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

रेलवे में भुलक्कड़ यात्रियों की कमी नहीं है। हर दिन 3 से 4 यात्री ट्रेन और प्लेटफार्म में अपना सामान भूल जाते हैं, जिन्हें जांच कर यात्रियों को फिर लौटाने का कार्य आरपीएफ करता है।

अप्रैल 2023 से अभी जोन में 2000 से अधिक यात्री ट्रेन में सफर के दौरान अपना सामान भूल चुके थे, जिसमें 1098 यात्रियों को सामान बरामद कर आरपीएफ ने लौटाया है, जिसकी कीमत 1 करोड़ 73 लाख बताई गई। आरपीएफ का कहना है कि स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही यात्री सबसे पहले अपने परिवार के लोगों को चढ़ाते या उतारते हैं। इसके बाद सामान को रखने की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं, लेकिन जल्दबाजी में उनका कुछ सामान कभी-कभी ट्रेन या प्लेटफार्म पर छूट जाता है। इन समस्याओं के निवारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 'आपरेशन अमानत' के तहत रेलवे सुरक्षा बल दिन-रात पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही है।

## ऑपरेशन अमानत के तहत रेल सुरक्षा बल ने यात्रियों को दिलाया गुम हुआ सामान

### आरपीएफ सामान की करती है सुरक्षा

यात्रियों का यदि कोई सामान ट्रेन में छूट जाता है तो रेलवे सुरक्षा बल उसे सुरक्षित स्थान पर रखती है। ट्रेनों में आरपीएफ लोगों को जागरूक कर रही है कि गुम हुए सामान के लिए यात्रियों को हेल्पलाइन नंबर 139 पर काल कर अपनी शिकायत दर्ज करानी होती है या फिर स्टेशन पर संबन्धित कार्यालयों में भी कर सकते हैं। रेलवे सुरक्षा बल के जवान सामान की रिकवरी कर सत्यापन के बाद सामान संबंधित यात्री को वापस सौंपते हैं।





### रायपुर में 421 यात्रियों को मिला सामान

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इस वित्तीय वर्ष अप्रैल-23 से मार्च-24 तक रेल के सुरक्षा बल ने 'ऑपरेशन अमानत' के तहत 1098 यात्रियों को 2 करोड़ 13 हजार रुपये मूल्य के गुम हुआ सामानों को वापस लौटाया है । इसके अंतर्गत बिलासपुर डिविजन में 516 यात्रियों को 67 लाख 21 हजार रुपये का, रायपुर डिविजन में 421 यात्रियों को 01 करोड़ 02 लाख 38 हजार रुपये का तथा नागपुर डिविजन में 161 यात्रियों को 43 लाख 56 हजार रुपये का छूटा हुआ सामान लौटाया है।

## एनओसी के पुनर्मूल्यांकन की रिपोर्ट मांगी

# लीज की मियाद 6 माह बढ़ी, जिले में 168 खदानें, एनओसी 20 को

- पत्थर खदानों से संबंधित ठेकेदारों को भी पर्यावरण मंत्रालय के नियमों के तहत एनओसी लेने के लिए 27 अक्टूबर 2024 तक का समय मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पत्थर खदानों को राष्ट्रीय हरित अधिकरण से मिली लीज की अवधि 6 महीने के लिए बढ़ा दी गई है। इस तरह पत्थर खदानों से संबंधित ठेकेदारों को भी पर्यावरण मंत्रालय के नियमों के तहत एनओसी लेने के लिए 27 अक्टूबर 2024 तक का समय मिल गया।

भोपाल की एनजीटी इकाई ने देशभर में पत्थर खदानों की लीज अवधि खत्म होने के पहले ही खदानों में उत्खनन पर रोक लगा दी थी, जिसके विरोध में कई ठेकेदारों ने सुप्रीम कोर्ट से लेकर अलग-अलग राज्य के हाईकोर्ट में याचिका लगाई हुई है। इन याचिकाओं के तहत सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में एनजीटी की रोक आदेश को रद्द करते हुए अवधि खत्म होने तक खदानें चालू रखने के निर्देश दिए हैं। इधर लीज की अवधि अब 28 अप्रैल को खत्म हो रही है। इस मामले में केरल हाईकोर्ट ने खदानों को सीआई-डीआई से मिली एनओसी के पुनर्मूल्यांकन की रिपोर्ट मांगी है। यह रिपोर्ट पेश करने पर्यावरण विभाग ने लीज की अवधि 6 महीने बढ़ाने का आदेश जारी किया है।



फाइल फोटो

### रायपुर जिले में 168 खदानें, एनओसी सिर्फ 20-25 को

छत्तीसगढ़ राज्य के कई जिलों में पत्थर की सैकड़ों खदानें ठेके पर संचालित है। इनमें रायपुर जिले में भी करीब 168 खदानें हैं, जिनमें अब तक सीआ से करीब 20 खदानों को ही नये नियमों के तहत एनओसी मिल पाया है। शेष खदानों को अब तक एनओसी नहीं मिला है।

### मियाद 6 माह बढ़ी

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद रायपुर जिले में सभी पत्थर खदानें चालू हैं। 28 अप्रैल को खत्म हो रही लीज की अवधि आगामी 6 माह के लिए बढ़ा दी गई है। जिले में कुछ खदानों को एनओसी मिल गया है, अन्य सभी के आवेदन सीआ के पास पेंडिंग है।

- **केके गोलघाटे,** जिला खनिज अधिकारी

### रिपोर्ट केरल हाईकोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय को पेश करने के लिए कहा

पर्यावरण विभाग के ई वैज्ञानिक व सक्षम अधिकारी सुंदर रामनाथ ने इस संबंध में 15 मार्च 2024 को आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मामले में 2022 के ओ.ए.142 में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (प्रधान पीठ) ने पारित आदेश 07.12.2022 के अनुपालन में 28 अप्रैल 2023 के ओएम के माध्यम से सभी एसईआईएए को 15.01.2016 से 13.09.2018 तक डीईआईएए द्वारा जारी पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) का पुनर्मूल्यांकन करने और नए ईसी देने के लिए एक वर्ष के लिए अवधि प्रदान की गई थी। इसके बाद प्राप्त अभ्यावेदन के आधार पर 15.01.2016 से 13.09.2018 तक डीईआईएए द्वारा जारी ईसी के पुनर्मूल्यांकन के लिए वर्क फ्लो को परिवेश में एकीकृत किया गया और मंत्रालय ने 15.01.2024 के ओएम के माध्यम से पुनर्मूल्यांकन के लिए एसओपी जारी किया। इस अवधि के बीच सीआ और डीआ ने जितने खदानों को एनओसी जारी किए है। इसकी रिपोर्ट केरल हाईकोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय को पेश करने के लिए कहा। इधर मंत्रालय ने ओएम के अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए सभी एसईआईएए, एसईएसी को दो बार पत्र भी जारी कर चुका है, लेकिन अब तक इस संबंध में रिपोर्ट मंत्रालय को भेजी नहीं गई है। रिपोर्ट आने में और समय लगेगा। इसे देखते हुए विभाग ने फिलहाल लीज की मियाद आगामी 6 महीने के लिए बढ़ा दी है।

# गांधी सदन के सामने सुबह से जुटे अफसर, कचरा छंटाई को लेकर छिड़ी चर्चा



- निगम कमिश्नर के साथ सभी जोन कमिश्नर, जेडएचओ रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को सुबह 9 बजे गांधी सदन के सामने निगम अफसरों की उपस्थिति चर्चा में रही। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के साथ दस जोन के कमिश्नर और जेडएचओ इस दौरान मौजूद रहे। सभी ने आपस में विचार-विमर्श शहरभर में सूखा और गीला कचरा लेने की तैयारी को रणनीति बनाई। इनमें अपर आयुक्त विनोद पांडे, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, योगेश कडू, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही शामिल रहे।

राजधानी में नगर निगम अब हर घर से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लेने की तैयारी में जुट गया है।। निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने रविवार को 10 जोन के कमिश्नरों तथा जेडएचओ के साथ ही सफाई एजेंसी रामकी के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कचरा छंटाई को लेकर सुझाव मांगे। जोन कमिश्नरों से उन्होंने ये भी पूछा कि कौन से इलाकों में लोग सूखा और गीला कचरा अलग-अलग नहीं दे रहे हैं, इसकी वजह क्या है?

इसके बाद निगम आयुक्त के साथ अधिकारी सकरी स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे। इस दौरान निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रामकी के लैब का निरीक्षण किया। रामकी के अधिकारियों ने उन्हें स्पॉट पर कचरे के सेग्रिगेशन कार्यों से अवगत कराया। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि शहर के हर घर से सूखा और गीला कचरे को अलग-अलग लेने की व्यवस्था बनाई जा रही है। अब गलियों और सड़कों में कचरा लेने के लिए आने वाली गाड़ियों के साथ साथ दो स्वच्छता दीदियां चलेंगी, जो सूखा और गीला कचरा अलग- अलग देने के लिए प्रेरित करेंगी।

# ट्रेन में दिव्यांग आरक्षित सीटों के कोटे में बदलाव, स्लीपर और एसी कोच में 2 लोअर व मिडिल बर्थ सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

दिव्यांगों को ट्रेन में सफर के दौरान किराए में छूट तो मिलती है, लेकिन टिकट वेटिंग होने से खड़े होकर सफर करना मुश्किल हो जाता है। दिव्यांगों की इन समस्या को दूर करने अब रेलवे बोर्ड ने स्थाई समाधान निकाला है।

रेलवे ने दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित सीटों के कोटे में नया बदलाव किया है। आरामदायक सीट सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में उनके लिए नीचे की बर्थ निर्धारित की है। हालांकि, अकेले या छोटे बच्चों के साथ सफर करने वाले बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह सुविधा पहले से ही मौजूद है। अब हर क्लास में उन्हें और उनके साथ चलने वाले अटेंडेंट यानी सहायक को आरक्षित सीटें मिलेंगी वो भी लोअर और मिडिल बर्थ। हालांकि इस सुविधा के लिए उनको पूरा किराया देना पड़ सकता है। रायपुर मंडल में 45 हजार से अधिक लोगों के पास दिव्यांग प्रमाणपत्र है। उन लोगों को ट्रेन में सफर करने पर आरामदायक सीट मिलेगी।

## एक्सप्रेस ट्रेनों में स्लीपर और एसी कोच में रेलवे ने दिव्यांग यात्रियों का कोटा किया निर्धारित



### सीट कन्फर्म होने पर मिलेगी आरक्षित बर्थ

दिव्यांग यात्रियों की टिकट बुकिंग करते समय ही सीट आरक्षित कर दी जाएगी। इसके लिए दिव्यांगता प्रमाणपत्र लगाना होगा। यदि टिकट बुक करते समय वेटिंग है तो सीट कन्फर्म होने पर भी उन्हें आरक्षित बर्थ ही दिया जाएगा। रेलवे दिव्यांग व्यक्तियों की चार श्रेणियों के लिए किराए में रियायत प्रदान करता है। अस्थि विकलांग व पैराप्लेजिक व्यक्ति और मानसिक रूप से मंद व्यक्ति जो बिना सहायक के यात्रा नहीं कर सकते, पूरी तरह से नहीं देख पाने वाले व्यक्ति और पूरी तरह से मूक-बधिर अकेले या एक सहायक के साथ यात्रा कर रहे हैं।

### ट्रेनों में इस तरह सीट की होगी व्यवस्था

31 मार्च को जारी आदेश में रेलवे बोर्ड ने कहा है कि स्लीपर क्लास में चार बर्थ, दो लोअर और दो मिडिल, थर्ड एसी में दो बर्थ, एक लोअर और एक मिडिल, इकोनॉमी क्लास में दो बर्थ, एक निचला और एक मध्य दिव्यांग और उनके परिचारकों के लिए आरक्षित होगा। वहीं गरीब रथ ट्रेनों में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए दो निचली बर्थ और दो ऊपरी बर्थ आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। हालांकि इस सुविधा के लिए उन्हें पूरा किराया देना होगा। इसके अलावा, एसी चेयर कार ट्रेनों में दो सीटें 'दिव्यांग' व्यक्तियों के लिए आरक्षित होंगी।

### पहली प्राथमिकता

टिकट बुकिंग के दौरान दिव्यांग यात्री और उनके साथ चल रहे सहायक को नीचे की बर्थ देना पहली प्राथमिकता रहती है। प्रमाणपत्र दिखाने पर ट्रेन में सफर के दौरान किराए में छूट मिलती है।

- **विकास कश्यप,** सीपीआरओ, दपूमरे

# चार घंटे घेरे रखा रविवि का प्रशासनिक भवन, इसके बाद पहुंचे शिक्षामंत्री के पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोमवार को पं. रविशंकर शुक्ल विवि में चार घंटों तक हंगामा होता रहा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने विवि के प्रशासनिक भवन का घेराव करने के साथ ही जमकर नारेबाजी की। छात्र बीबीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणामों को लेकर नाराज चल रहे हैं। इसकी पुनः जांच की मांग को लेकर ही विद्यार्थी रविवि पहुंचे हुए थे। इसके पूर्व भी विद्यार्थियों द्वारा उक्त कक्षा के नतीजों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया जा चुका है। उस वक्त छात्रों को 15 दिनों में जांच का आश्वासन दिया गया था। कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद छात्रों द्वारा सोमवार को पुनः विरोध-प्रदर्शन किया गया।

एबीवीपी ने कुलसचिव शैलेंद्र पटेल पर धमकी देने का आरोप भी लगाया है। एबीवीपी के महानगर मंत्री सुजल गुप्ता ने कहा, विद्यार्थी बाहर आंदोलन कर रहे थे। कुलसचिव चार घंटे तक अपने केबिन में बैठे रहे और बाहर निकलते ही छात्रों के खिलाफ एफआईआर करने की धमकी भी दी। हमारी छोटी सी मांग को लेकर कुलसचिव द्वारा ऐसी धमकी देना अत्यंत निंदनीय है।

## बीबीए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम को लेकर आक्रोशित हैं छात्र





### ऑर्डिनेंस में करें बदलाव

रविवि में प्रदर्शन करने के अलावा एबीवीपी ने सोमवार को शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर तीन सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि आर्डिनेंस-197 के कारण तृतीय सेमेस्टर में उत्तीर्ण, लेकिन प्रथम सेमेस्टर में एटीकेटी आने वाले छात्रों को चतुर्थ सेमेस्टर में बैठने नहीं दिया जा रहा है। इससे प्रदेश भर के हजारों विद्यार्थियों का एक वर्ष बर्बाद हो रहा है। इसके अलावा छात्रों ने सेमेस्टर परीक्षा में उत्तरपुस्तिका के पुनर्गणना के साथ पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान करने की भी मांग की है। छात्रों ने चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में भी कृपांक का प्रावधान करने मांग रखी। इस दौरान हूमांशु साहू, भूपेश भाग, हिमांशु वर्मा, तेजप्रकाश, प्रनभ, नितिन, वर्षा सहित कई छात्र मौजूद थे।

- छात्रों का आरोप, कुलसचिव ने दी एफआईआर कराने की धमकी

### यह है मामला

रविवि द्वारा बीते दिनों बीबीए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी किए गए थे। इसमें बड़ी संख्या में छात्र फेल और एटीकेटी श्रेणी में आए। कई छात्रों द्वारा अपने नतीजों को लेकर असंतुष्टि जाहिर की गई। इसके बाद छात्रों ने विवि प्रबंधन से मुलाकात कर छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं दोबारा जांचे जाने की मांग रखी थी। कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के बाद छात्रों ने सोमवार को दोबारा अपनी मांगें रखीं। पुलिस बल भी इस दौरान तैनात रही। हालांकि बल प्रयोग की स्थिति निर्मित नहीं हुई। इस दौरान एबीवीपी के आशीष सिन्हा, मन्न साहू, जितेश नेताम, अविरल सहित अन्य छात्र नेता और विद्यार्थी शामिल रहे।

# 10 मातृशक्ति सेवाकर्मियों को किया सम्मानित

**रायपुर।** भारत विकास परिषद रायपुर मुख्य शाखा द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में गत दिनों मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन समता कॉलोनी स्थित 'एबी सभाकक्ष' में किया गया। इस अवसर पर समाज में सभी वर्गों के परिवारों के दैनिक जीवन से सीधे जुड़े 10 मातृशक्ति सेवाकर्मियों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में माना वृद्धाश्रम में सेवा दे रहीं पारुल चक्रवर्ती, प्रसिद्ध मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक हर्षा साहू, दर्जी का कार्य कर रहीं सरिता चौहान, ऑटो रिक्शा चालक रेवती यादव, स्वच्छता दीदियां रिंकी सिंदूर, मानसी बघेल, विमला भारती, सावित्री ढीमर तथा निर्धन व निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों में अस्वस्थ वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क कूरियर सेवा उपलब्ध कराने वाली नेहा मानिकपुरी को गमछा, श्रीफल, अभिनंदन पत्र, साड़ी व सम्मान राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि की आसंदी सम्हाल रहीं मुख्य अतिथि पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी नीता डुमरे को भी शॉल, श्रीफल व अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सचिव शशांक शुक्ल, विनीता शुक्ल, चौधरी शिवनारायण सिंह, मधु व पवन गौड़, वार्ड पार्षद अमर बंसल, कर्नल सुनील मिश्रा, आभा मिश्रा, विनीता शुक्ल, ललित गोलानी, जगदीश्वर शरण गोयल, सतीश मिश्रा, मृगांक शुक्ल, भारती शर्मा सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

# सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड से कचरा हटाकर बनाएंगे उद्यान और खेल मैदान

*100 सिटी बसें एक साथ रखने बनेगा डिपो*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 7 एकड़ जमीन खाली, बाकी से कचरा जल्द हटाने निर्देश

सरोना इलाके में स्थित नगर निगम के पुराने ट्रेंचिंग ग्राउंड में सालों से डंप कचरे का निष्पादन कर वहां बगीचा और खेल मैदान बनाया जायेगा। इसके साथ ही 100 सिटी बसों को एक साथ रखने अलग से सिटी बस डिपो बनाने की योजना है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने रविवार को विभागीय अधिकारियों के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में 15 साल से डंप शहरभर के 450 मीट्रिक टन कूड़ा करकट के निष्पादन का ठेका रायगढ़ की हिल्बो इंटर प्राइजेस को दिया गया है। 12 करोड़ 64 लाख रुपए में अनुबंधित एजेंसी जमीन में दबे कूड़ा करकट को बाहर निकालकर उसकी छंटाई कर रही है। नोडल अधिकारी योगेश कडू ने बताया कि सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप सवा लाख मीट्रिक टन कचरे को



उपचारित कर लिया गया है। जो खाद के लायक कूड़ा करकट था, उसका खाद बनाकर उपयोग किया जा रहा है। जो कचरा किसी काम का नहीं था, उसे सीमेंट फैक्ट्रियों में भेजकर कोयले के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। निगम आयुक्त श्री मिश्रा ने सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड के निरीक्षण दौरान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां कचरे के निपटारे में लगी एजेंसी के अधिकारी से भी चर्चा की। सफाई कार्य में लगी मशीनों को लेकर निगम आयुक्त ने नाराजगी भी जताई और ज्यादा मशीनें लगाकर बकाया कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने हिदायत दी।

### खाली हो रही जगह पर पौधारोपण

*सरोना ट्रेंचिंग ग्राउंड में निगम के स्वामित्व वाली जमीन पर एनजीटी के मापदंड अनुसार पौधारोपण कराया जाएगा। इस जगह पर बगीचा विकसित करने और खेल मैदान बनाने की योजना है। जगह के खाली होने पर वहां अवैध कब्जा ना हो, इस बात का भी ध्यान रखने जोन 8 के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। आयुक्त ने कहा, यहां बस डिपो बनाने की भी योजना है, जिसमें 100 सिटी बसें एक साथ रखने सिटी बस डिपो बनाया जाएगा। निगम कमिश्नर श्री मिश्रा के साथ वहां स्वच्छ भारत मिशन अभियान के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, योगेश कडू, उपायुक्त आरके डोंगरे, स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणिग्रही तथा जोन क्रमांक 8 के जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।*

# शैलेन्द्र नगर, टैगोर नगर में अमृत मिशन से जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम ने अमृत मिशन योजना के तहत शैलेन्द्र नगर, टैगोर नगर और विधायक विश्रामगृह क्षेत्र में बिछाई पाइप लाइन से पेयजल की सप्लाई रविवार से शुरू कर दी है। जल आपूर्ति सुबह और शाम की नियमित सप्लाई के अतिरिक्त शाम 4 बजे से 5 बजे तक की जा रही है।

अमृत मिशन विभाग के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने बताया कि जिन क्षेत्रों में जल आपूर्ति शुरू की गई है, ये क्षेत्र जोन 4 और जोन 10 में आते हैं। इन क्षेत्रों में अमृत मिशन की पाइप लाइन बिछा दी गई थी। अब नागरिकों के घरों तक इसी पाइप लाइन से पेयजल सप्लाई का कार्य प्रारंभ किया गया।



रविवार को शाम 4 बजे घर-घर जाकर पेयजल सप्लाई का निरीक्षण किया गया। इसी तरह राजेन्द्र नगर,राजीव पांडे नगर में इंटर कनेक्शन कार्य का टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, उप अभियंता अनुराग पाटकर, सुरेंद्र श्रीवास, योगेश यदु और गोपाल प्रधान मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में एक युवक के साथ मारपीट की घटना हुई है। प्रार्थी मो. अकरम पिता मो. युसूफ (20) ने पुलिस को बताया कि आरोपी भारती ध्रुव पति नारद, नारद ध्रुव और अन्य लोगों ने उसे गालियां देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### प्राचार्य ने किया मंच साझा, कलेक्टर ने किया निलंबित

**महासमुंद।** विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी में इंटर्नशिप राशि व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सविता चंद्राकर व्याख्याता (एलबी) द्वारा शामिल अतिथियों (राजनीतिक पृष्ठभूमि) के साथ मंच साझा किया गया। जिसमें अतिथियों से इंटर्नशिप राशि व प्रमाण पत्र वितरण फोटो का विभिन्न दैनिक समाचारों पत्रों में कवरेज किया गया। प्रभारी प्राचार्य सविता चंद्राकर द्वारा व्हाट्सअप संदेश के माध्यम से अतिथियों को कार्यक्रम के लिए अवगत कराया गया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा सविता चंद्राकर व्याख्याता (एलबी) प्रभारी प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा 41-खल्लारी से प्राप्त निलंबन अनुशंसा पत्र के अनुसार छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उक्त कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के नियम 129 व 134 तथा छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1, 2, 3 का प्रथम दृष्टया उल्लंघन है, जो कि छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत दंडनीय है। निलंबन अवधि में सविता चंद्राकर व्याख्याता (एलबी) का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

### हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों ने किया सामूहिक चालीसा व सुंदरकांड पाठ

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चंडी गेट स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान राम जानकी मंदिर में विशेष श्रृंगार किया गया। आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव द्वारा पंच तत्व से अभिषेक कर श्रृंगार से सजाया गया। सेवा समिति के सदस्यों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा, सुंदरकांड व जन्म आरती की गई। शाम को महाप्रसादी वितरण किया गया। सुभाष चौक स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों ने सुबह से ही जल महाभिषेक किया।

# जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने में छूटा पसीना, निगम के पास 300 प्रकरण लंबित

**केन्द्रीय सर्वर में 22 मार्च से चल रही गड़बड़ी, दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने पर दिखा रहा एरर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया कार्यालय के सर्वर में आई तकनीकी खराबी का असर निगम मुख्यालय के जन्म- मृत्यु प्रमाणपत्र शाखा काउंटर पर देखने को मिल रहा है। नगर निगम में 300 से ज्यादा आवेदन लंबित हैं। इससे आवेदकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वे अपनी पर्ची लेकर काउंटर में आवेदन की स्थिति जानने पहुंच रहे हैं। निगम के अधिकारियों का कहना है कि केन्द्रीय सर्वर में तकनीकी खराबी आने से ये स्थिति बनी है। 22 मार्च से इस तरह की दिक्कत आनी शुरू हुई है। हमने जिला सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों को इससे अवगत करा दिया है।

दरअसल, गांधी सदन के जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र शाखा में प्रमाणपत्र बनवाने पहुंच रहे आवेदक ऑनलाइन आवेदन में सर्वर में चल रही तकनीकी खराबी से त्रस्त हैं। दस्तावेज जमा करने के बाद भी लोगों को अपने आवेदन ऑनलाइन अपलोड कराने में दिक्कत आ रही है। जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र संबंधी आवेदन के एंट्री करने के दौरान तकनीकि दिक्कत शुरू हो जाती है। रजिस्ट्रेशन के दस्तावेज डाउनलोड करने पर उसमें एरर दिखाने लगता है। यही नहीं, डाटा ट्रांसफर करने में भी समस्या आ रही है। इसके लंबित आवेदनों की संख्या बढ़ती जा रही है।

### विवाह के रजिस्ट्रेशन में दिक्कत नहीं

नगर निगम में जन्म-मृत्यु और विवाह संबंधी प्रमाणपत्र बनवाने पंजीयन की व्यवस्था है। विवाह संबंधी रजिस्ट्रेशन में किसी तरह की दिक्कत नहीं है, क्योंकि इसके लिए अलग से पोर्टल है, जबकि अन्य दो तरह की सुविधा के मामले में सर्वर में तकनीकि दिक्कत आ रही है। इस बदहाल व्यवस्था का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। विदित हो, जन सामान्य की सुविधा के लिए निगम मुख्यालय में जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए निर्धारित दस्तावेज के साथ आवेदन करने पर निःशुल्क प्रमाणपत्र बनाने की व्यवस्था है।




### पत्र लिखा है

जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र से संबंधित 300 आवेदन लंबित हैं। केन्द्रीय सर्वर में 22 मार्च से तकनीकी गड़बड़ी के कारण इस तरह की समस्या आ रही है। जिला सांख्यिकी कार्यालय के विभागीय अधिकारी को इस संबंध पत्र लिखा गया है।

\- **एके हलदार,** प्रभारी अधिकारी, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र शाखा, नगर निगम रायपुर

**निगम ने भवन का हॉल खाली कराने के बाद साधी चुप्पी, इसलिए ऐसा हाल**

# रेलवे ने नगर निगम को लौटाया हॉल, रैन बसेरा प्रबंधन ने मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे ने लोगों की सुविधा के लिए पंडरी बसस्टैंड में निगम द्वारा संचालित रैन बसेरा की बिल्डिंग में भूतल पर बड़े हाल में टिकट बुकिंग के लिए लंबे समय तक काउंटर का संचालन किया। बसस्टैंड को भाठागांव में शिफ्ट करने से ग्राहकी कम हुई, तो टिकट काउंटर को बंद कर दिया। निगम द्वारा लगातार किए गए पत्र व्यवहार के बाद रेलवे ने तीन महीने पहले ही उसे निगम को हैंडओवर किया। इसके बाद भी हॉल में निगम की तालाबंदी से वह वीरान पड़ा है।

रायपुर निगम ने 33 साल पहले जयस्तंभ चौक के पास स्थित बसस्टैंड को पंडरी में शिफ्ट किया था। साथ ही यात्रियों को रात बिताने की सुविधा देने के लिए रैन बसेरा के संचालन की जिम्मेदारी अर्पण कल्याण सेवा समिति को दी। रैन बसेरा की बिल्डिंग के भूतल पर स्थिल बड़े हॉल में लोगों की सुविधा के लिए शुरू किया गया रेलवे टिकट काउंटर दो साल से बंद पड़ा है। इसकी वजह से हॉल का कोई उपयोग नहीं हो रहा था। इसे देखते हुए रेलवे ने तीन महीने पहले हॉल को खाली करने के बाद उसे निगम को हैंडओवर कर दिया। निगम सूत्रों ने बताया कि रैन बसेरा का संचालन करने वाली संस्था ने हॉल को लेने के लिए तीन बार अर्जी लगाई, मगर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इससे मुसाफिरों की सुविधा ही नहीं, बल्कि मेंटेनेंस के अभाव में हॉल कबाड़ हो रहा है।




### गर्मी व मौसम बिगड़ने से...

अर्पण कल्याण समिति ने गर्मी और मौसम बिगड़ने पर मुसाफिर बढ़ने की स्थिति को देखते हुए हॉल की मांग कई बार निगम से की है। वजह बताई गई है कि दुबे कॉलोनी और मोवा इलाके में संचालित अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों के परिजन भी पंडरी स्थित रैन बसेरा में रात बिताते हैं। गर्मी और बारिश के दिनों में मुसाफिर ज्यादा आते हैं। इसे देखते हुए समिति ने हॉल की मांग निगम प्रशासन से की है, लेकिन अभी तक निर्णय नहीं होने से हॉल खाली पड़ा है।

### सबसे ज्यादा बेड की सुविधा

निगम सूत्रों ने बताया कि शहर में 8 जगह रैन बसेरा का निर्माण करवाया गया है। पंडरी मुक्तिधाम के पास भी मुसाफिरों के लिए बनवाए गए रैन बसेरा में पाइप लाइन सहित अलग-अलग प्रोजेक्ट के लिए काम करने वाले कर्मचारी रुकते हैं। इससे रूरतमंद पुराना बसस्टैंड स्थित रैन बसेरा में ही आश्रय लेने पहुंचते हैं। बस स्टैंड भाठागांव में शिफ्ट होने के बाद से खान-पान की सुविधा मुसाफिरों को नहीं मिलती, इसके लिए समिति हॉल में भोजन की सुविधा देने की मांग रही है।

### चुनाव के बाद मामले में निर्णय

रेलवे ने टिकट काउंटर बंद करने के बाद तीन महीने पहले ही रैन बसेरा बिल्डिंग के भूतल में हॉल को खाली किया है। किसी समिति की मांग के बारे में मुझे जानकारी नहीं है। चुनाव के बाद ही मामले में निर्णय लिया जाएगा।

\- **आरके डोंगरे,** आयुक्त, जोन-2, नगर निगम, रायपुर

# हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम जारी आठवीं में चंचल प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

मां शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में कक्षा पीपी 1 से नवमी कक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें कक्षा पीपी 1 से प्रियांशु गोड़ प्रथम, पीपी 2 में मेयन निर्मलकर प्रथम, कक्षा पहली से मिनाक्षि पाल प्रथम, कक्षा दूसरी से मोनिका साहू, तीसरी से निकिता साहू प्रथम, उर्मी देवांगन कक्षा चौथी से, प्रियांशी साहू कक्षा पांचवी में प्रथम, कक्षा छठवीं में खुशी देवांगन, सातवीं में लक्ष्मी निषाद प्रथम, आठवीं में चंचल यादव, कक्षा 9 में पूरब गेन्डरे ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र–छात्राओं को विद्यालय की ओर से प्राचार्य परमानंद साहू, शिक्षिका योगेश्वरी साहू, मंगलेश्वरी यादव ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ग्रीष्मकालीन विशेष प्रशिक्षण शिविर 1 मई से

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में 1 से 15 मई तक ग्रीष्मकालीन विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्पोकन इंग्लिश, संगीत शिक्षा, शारीरिक शिक्षा गणित उन्नयन शिक्षा, घोष वादन का सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए कोई भी छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। अन्य विद्यालय से कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क रहेगा।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के पदमपुर रोड स्थित तालाब के पास बाइक की टक्कर से एक महिला घायल हो गई। पुलिस को प्रार्थी सचिन अग्रवाल पिता सियाराम अग्रवाल (30) निवासी वार्ड 12 ने बताया कि सीजी 06 जीएल 0208 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी पत्नी को ठोकर मारकर दिया। इस घटना में महिला के सिर व अन्य जगहों पर चोटें आई है। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# अवैध प्लाटिंग पर गाज, निगम का बुलडोजर देख हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सड्डू इलाके में स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पीछे 4.5 एकड़ क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलने पर रविवार की शाम निगम की टीम मौके पर पहुंची। वहां मौजूद 4 लोग निगम का बुलडोजर देखते ही एक निजी कॉलोनी की दीवार फांदकर रफूचक्कर हो गए। निगम की टीम ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की, पर वे भाग निकले।

नगर निगम जोन-9 के अंतर्गत सड्डू स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पीछे खाली जमीन पर अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आया है। जनशिकायत पर जोन की टीम ने अवैध प्लाटिंग वाले जगह पर जेसीबी लेकर वहां बनाई कई कच्ची सड़क को खोदकर मार्ग अवरुद्ध किया। जोन कमिश्नर संतोष पांडे ने बताया कि सड्डू हाउसिंग बोर्ड के पीछे और कैपिटल होम्स के बगल में स्थित करीब 4.5 एकड़ क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग होने की शिकायत मिल रही थी। निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर वे अपनी टीम लेकर वहां मुआयना करने के लिए पहुंचे थे। साथ ही जेसीबी भी ले गए। टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां 4 लोग दिखे। निगम की टीम को देखकर चारों भागने लगे।

# प्रचार करने बलौदाबाजार पहुंचीं ममता रानी साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा




जैसे–जैसे चुनाव की सरगर्मी बढ़ते हुए नजर आ रही है, प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार भी तेजी आ रही है। इसी तारतम्य में रायपुर लोकसभा प्रत्याशी ममता रानी साहू का पदार्पण आज बलौदाबाजार हुआ, जहां पर विभिन्न अपने क्षेत्र में जगह–जगह जनसंपर्क किया और लोगों को मतदान करने प्रेरित किया।

उन्होंने कहा, हमारे लिए सर्वधर्म बराबर है और हम सब एक संविधान के अंदर में रहकर कार्य करते हैं। हमारी प्रथम प्राथमिकता शिक्षा, रोजगार एवं मूलभूत सुविधा मुहैया कराना, प्रथम कार्य प्रणाली में है। आज भी कई सारी समस्याएं क्षेत्र में व्याप्त है, जिसे हम दूर करने के लिए भरपूर प्रयास करेंगे। हमने भी पहले कई बार कई धरना आंदोलन और कई मुद्दे उठाते हुए विधानसभा से लेकर संसद भवन और राजपत्रित अधिकारी तक भी अपने हर बातों को पहुंचाएं।

शराब बंद की बात हो, जल सत्याग्रह की बात हो, हसदेव जंगल बचाओ की बात हो, विकास की बात हो, पलायन कर रहे लोगों के विषय की बात हो, महिलाओं के विषय में बात हो, मवेशियों के विषय में बात हो, हम लगातार अपनी बातों को क्षेत्र तक पहुंचा रहे हैं और इन सभी बातों का आंकलन कर हम आगे बढ़ते जा रहे हैं और निश्चित तौर पर हम जितने की कगार पर है और हम अपने प्रतिद्वंदियों को टक्कर देते हुए आगे बढ़ेंगे। जनसंपर्क के दौरान मुख्य रूप से डॉ. रामबिसाल जांगड़े, डीआर बघेल, डॉ. डीडी बरतामसी, संतोष धृतलहरे, रतिराम टंडन, ममता बंजारे, धन्नु देवांगन, वेद प्रकाश सोनवानी, आनंद मिरी, आकाश धृतलहरे, अजय डहरिया, देवेंद्र पात्रे, सागर धृतलहरे मौजूद थे।

### बिक्री का इकरारनामा

**विक्रेता :-** रूपेश साहू उम्र 30 वर्ष पिता शैलेन्द्र साहू जाति तेली निवासी गायत्री मंदिर के पीछे, बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.
**क्रेता :-** दानेश्वरी वैष्णव उम्र 41 वर्ष पति स्व. राजू वैष्णव जाति बैरागी निवासी इंदिरा कॉलोनी, बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.
विक्रेता एवं क्रेता के मध्य निम्नलिखित कंडिकाओं के आधार पर इकरारनामा निष्पादित करते है:-
**1.** यह कि क्रेता एवं विक्रेता का नाम, पता व सकूनत उपर शीर्षक में बताये मुताबिक है। **2.** यह कि विक्रेता के नाम पर मौजा बलौदाबाजार प.ह.न. 15 रा.नि.म. बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के राजस्व अभिलेख में खसरा नं. 68/1 का टुकड़ा क्षेत्रफल 45X35=1575 वर्गफिट भूमि दर्ज है जो कि विक्रेता ने उक्त भूमि को क्रेता को 480/- अक्षरी चार सौ अस्सी रूपये प्रति स्क्वेर फिट के हिसाब से विक्रय करने का पक्का सौदा कर दिया है। एवं बतौर बयाना विक्रेता को दिनांक 16.04.2024 को 31,000/- अक्षरी इकत्तीस हजार रूपये ऑनलाईन फोन पे जिसका ट्राजेक्शन आईडी नं. T2404161552475327891837 के माध्यम से क्रेता के द्वारा विक्रेता को भुगतान किया गया एवं रजिस्ट्री के वक्त दिया जावेगा। **3.** यह कि उक्त भूमि में विक्रेता पूर्णतः कब्जा एवं अधिपत्य में है उक्त भूमि भूदान शासन से प्राप्त वसियत नाम नामा से प्राप्त भूमि नही है। पूर्णतः पाक व साफ है। किसी भी प्रकार का मामला मुकदमा नहीं है। **4.** यह कि उक्त भूमि में किसी भी प्रकार की विवाद होने कि स्थिति में विवाद को निपटारा करने के बाद ही क्रेता द्वारा रजिस्ट्री बैनामा किया जावेगा। उक्त भूमि की रजिस्ट्री बैनामा करने में विक्रेता के द्वारा हिला हवाला होता है तो दिया हुआ अग्रिम बयाना की राशि मय हरजाना के साथ विक्रेता वापस करने को बाध्य रहेगा। एवं क्रेता दिया हुआ बयाना राशि उक्त रजिस्ट्री बैनामा कराने के लिए कानूनी कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र रहेगा। **5.** यह कि उक्त भूमि की रजिस्ट्री बैनामा दिनांक 16.04.2024 से 03-04 माह के अंदर तक करा लिया जावेगा। जिस पर क्रेता अपने स्वयं के नाम पर या अपने किसी व्यक्ति के नाम पर रजिस्ट्री बैनामा करता है जिसमें विक्रेता को कोई आपत्ति नही है। अतः उपरोक्त कंडिकाओं के आधार पर क्रेता एवं विक्रेता बिक्री का इकरारनामा अपने स्वेच्छा दो गवाहो के समक्ष पढ़कर समझकर लिखा दिया ताकी सनद रहे वक्त जरूरत पर काम आवे ।
दिनांक 16.04.2024
विक्रेता के हस्ताक्षर
रूपेश साहू

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र.202404213700037/ ब-121/2024**
**ग्राम - मोहरा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक परस साहू पिता नाथू राम साहू जाति तेली निवासी ग्राम मोहरा प.ह.नं. 42 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। आवेदक की बहन सरस्वती साहू पिता नाथू राम साहू की मृत्यु दिनांक 02/03/2007 को स्थान ग्राम मोहरा में हुआ हैं। भुलवश ग्राम पंचायत में मृत्यु पंजीयन दर्ज नहीं करा पाया था। जिसके कारण आवेदक की बहन सरस्वती साहू पिता नाथू राम साहू की मृत्यु पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु सचिव ग्राम पंचायत को आदेशित किये जाने का निवेदन किया हैं। आवेदन के साथ दस्तावेज संलग्न किया हैं। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 30/04/2024 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सुहेला**

## पेज 9 के शेष

### गुलाब की माला,...

साहू, देवेंद्र कुमार साहू, अरविंद कुमार साहू, तिलेश्वर साहू, पप्पू कमल, भोजू साहू, हीरामणि साहू, मनोहर ध्रुव, महेंद्र ध्रुव, राहुल साहू, हरबंस कमल सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### हुई विशेष पूजा ...

करने भारी भीड़ उमड़ी। लोग कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। पं. धनंजय शर्मा ने बताया कि इस वर्ष 23 अप्रैल मंगलवार को हनुमानजी का जन्म उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस वर्ष हनुमानजी के जन्मोत्सव का बहुत अच्छा योग संयोग बना हुआ है। इस दिन चमेली के तेल का दीपक जलाना, पीपल के पर राम लिखकर एवं फल मिठाई, जनेऊ, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी।

### दुष्कर्म का आरोपी ...

पतासाजी दौरान पता चला कि आरोपी भागने की फिराक में है, जिसे बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक आरोपी को 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर आरोपी आर्यन कुर्रे पिता जीवन लाल कुर्रे 19 वर्ष साकिन लुकापारा थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ को ज्यूडिशियल रिमांड में जेल भेजा गया।

### 15 माह में ...

जिनमें आरटीए के 1445, प्रेग्नेंसी 600, जहर सेवन के 357, सुसाइड एटेम्पट के 17, कार्डियक अरेस्ट के 1, एनिमल बाइट 168 एवं सर्दी-खांसी, चेस्ट पेन, बुखार, सिर दर्द, उल्टी-दस्त, एलर्जी, पीठ दर्द, डायरिया फ़्रैक्च, बर्न, डायबिटिज सहित अन्य बीमारियों के 7280 लाभर्थियों को सेवा दी गई है।

### ट्रेन में दिव्यांग आरक्षित सीटों के कोटे में बदलाव

**रायपुर।** दिव्यांगों को ट्रेन में सफर के दौरान किराए में छूट तो मिलती है, लेकिन टिकट वेटिंग होने से खड़े होकर सफर करना मुश्किल हो जाता है। दिव्यांगों की इन समस्या को दूर करने अब रेलवे बोर्ड ने स्थाई समाधान निकाला है। रेलवे ने दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित सीटों के कोटे में नया बदलाव किया है। आरामदायक सीट सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में उनके लिए नीचे की बर्थ निर्धारित की है। हालांकि, अकेले या छोटे बच्चों के साथ सफर करने वाले बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह सुविधा पहले से ही मौजूद है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

Narayana Health | MMI
एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर के द्वारा
स्त्री कैंसर रोग एवं हृदय रोग ओपीडी
25 अप्रैल 2024, गुरुवार
डॉ. नेहा जायसवाल
स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ
सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक — जिला अस्पताल, बलौदाबाजार
दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक — श्री राम अस्पताल, बलौदाबाजार
डॉ. स्नेहिल गोस्वामी
हृदय रोग विशेषज्ञ
सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक — श्री राम अस्पताल, बलौदाबाजार
Our Network: 18 Hospitals | 4 Heart Centres | 14 Cities in India | 21 Clinics | 110+ Specialities
Take Care | MMI Narayana Hospital, Lalpur, Raipur
9827872666

## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाई गई हनुमान जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भगवान हनुमान जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भगवान हनुमान की पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही श्रद्धालु हनुमान की वंदना व पूजा-अर्चना के लिए मंदिर में पहुंच रहे। सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर महाराज संतोष, सनत चंद्राकर, रुकमणी चंद्राकर, जब्बर सिंह चंद्राकर, गुलजारी, नरेंद्र, भुवनेश्वर, ममता, रेणुका, योगेश्वरी, माया, शकुन, ममता, कामेश चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### विज्ञापनों का कराना होगा पूर्व प्रमाणीकरण

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत तीनों चरणों के मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए यह अनिवार्य होगा। जिसमें लोकसभा संसदीय क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए दूसरे चरण में 25 और 26 अप्रैल को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्यस्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन के लिए प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। स्पष्ट किया है कि आवेदन कर्ताओं द्वारा ऐसे विज्ञापन के प्रस्तावित प्रकाशन दिनांक से कम से कम दो दिवस पूर्व मीडिया प्रमाणन समिति को आवेदन प्रस्तुत किए जाने चाहिए। स

### बूढ़ाडोंगर पर्वत बस्तीपाली में चैतराई पर्व मनाया

**बसना।** जिले के बसना क्षेत्र के प्राचीन नाम फुलझर राज्य की राजधानी बस्तीपाली जो विख्यात बूढ़ाडोंगर पर्वत श्रृंखला के सुरम्य वनाच्छादित तलहटी पर बसा ग्राम है, जहां गोंडवाना सूर्यवंशी जगत राजवंश के प्राचीनकालीन कुलदेवी मां इक्कीसों बहिनियां देवी देवठाना स्थित है। इस पवित्र देवठाना में प्रतिवर्ष शारदीय आश्विन और वासंतीय चैत्र दोनों नवरात्रों में अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाती है। चैत्र माह के स्नान दान व्रत पूर्णिमा तिथि को गोंडवाना रीति नीति, गोंडी धर्म संस्कृति रूढ़ीजन्य परंपरानुसार चैतराई पर्व पर यज्ञमान, बैगा, पंडा-पुजारियों और श्रद्धालु माता भक्तजनों द्वारा भगवान बूढ़ादेव मां इक्कीसों बहिनियां माताओं का सर्व देवा-देवी देवाव्हान मंत्र जाप महाआरती विश्व कल्याण, सुख समृद्धि, धन-धान्य के लिए हवन पूर्णाहुति, इक्कीस नवकन्याओं का माता देवी श्रृंगार कर प्रकृति प्रदत्त महुआ, आम, तेंदू, चिरौंजी, मड़िया फल का भोग अर्पित किया गया। बाद महाप्रसाद वितरण कर मनोकामना व्रत का समापन किया गया।

## राजधानी रायपुर के 3 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में करा सकेंगे इलाज

# निर्वाचन में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेगी नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के लिए निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारियों और कर्मचारियों को राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार राज्य के शासकीय अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए अधिकारी–कर्मचारी राजधानी रायपुर के 3 तथा राज्य के बाहर 2 निजी अस्पतालों में अपना इलाज करा सकेंगे।

छत्तीसगढ़ लोकसभा आम निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोग के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन कार्य में आदेशित अधिकारियों–कर्मचारियों के लिए राज्य के समस्त शासकीय अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

शासकीय अस्पतालों में आवश्यक सुविधा उपलब्ध न होने की स्थिति में अथवा आपातकालीन स्थिति के लिए निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु राज्य एवं राज्य के बाहर अस्पतालों को भी चिन्हांकित किया गया है। राज्य के भीतर राजधानी रायपुर स्थित श्री बालाजी अस्पताल मोवा, श्री नारायणा अस्पताल देवेन्द्र नगर रायपुर तथा रामकृष्ण केयर अस्पताल पचपेड़ी नाका रायपुर में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी प्रकार राज्य के बाहर हैदराबाद स्थित केयर हॉस्पिटल तथा विशाखापट्टनम स्थित अपोलो अस्पताल में इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी।

निर्वाचन कार्य में शामिल शासकीय अधिकारी–कर्मचारी एवं अशासकीय अधिकारी–कर्मचारी तथा सुरक्षा बलों एवं स्टाफ के उपचार की सुविधा जिले के शासकीय चिकित्सालयों में उपलब्ध ना होने की स्थिति में जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य नोडल एजेंसी एवं संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा इन चिकित्सालयों में रिफर किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में डॉ. खेमराज सोनवानी, उप संचालक, राज्य नोडल एजेंसी के साथ समन्वय कर कार्य संपादित किया जाएगा।

### स्ट्रांग रूम और मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करने पहुंचे प्रेक्षक अंशज

**मुड़पार-सरसीवां।** रायगढ़ लोकसभा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस डॉ. अंशज सिंह सारंगढ़ के दौरे पर रहे। प्रेक्षक सिंह ने टिमरलगा के स्थैतिक निगरानी दल एसएसटी का निरीक्षण किया। इसके साथ ही टिमरलगा, गुड़ेली, बंजारी और सुवाताल मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक सिंह ने मतदान केन्द्र के बीएलओ को प्रश्न किए कि गांव में कितना बूथ है। मतदाता पर्ची बांटे हो या नही। गांव में कितने वोटर हैं। नये वोटर कितने जुड़े हैं। शादी या अन्य किसी कारण से शिफ्ट होने वाले कितने वोटर हैं। मतदान केन्द्र में पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि की सुविधा है या नहीं। मतदान केन्द्र आकर वोट देने के लिए कितने दिव्यांग ने सहमति पत्र दिया है। सेक्टर आफिसर ने कितने बार मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया है और क्या–क्या बिन्दु पर चर्चा, समाधान हुआ है। पिछले चुनाव में कितने मतदाताओं ने वोट दिए हैं। अब के लोकसभा में कितने वोट की संभावना है। गांव में शांति है या नहीं। इन सभी प्रश्नों के जवाब सभी बीएलओ ने अपने स्तर पर जवाब दिए। प्रेक्षक डॉ. अंशज सिंह ने कृषि उपज मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम का



निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम के आगंतुक सह कार्यवाही विवरण रजिस्टर का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रश्न किया कि कितने बार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया है। इसी प्रकार भंडार कक्ष में मतदान दल के तैयार किए जा रहे बैग के सामग्रियों का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान सिंह ने पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना से पूछा कि पिछले विधानसभा में दल कितना समय लौट के आए, कितने समय तक सामग्री जमा किए, जमा होने में विलंब का कारण क्या था। इन सभी के जवाब में डनसेना ने बताया कि लगभग रात 10 बजे तक मतदान दल की वापसी हो गई थी। मतदान दल से सभी प्रकार के फार्म और चेकलिस्ट आदि को पूरा करने के कारण सुबह 4 बजे तक सभी सामग्रियों की प्राप्ति की गई। सारंगढ़ दौरे में सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन, खनिज अधिकारी एच.डी. भारद्वाज, पुलिस अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### प्रचार प्रसार से पहले प्रत्याशियों को लेना होगा विज्ञापन सर्टिफिकेट

मुड़पार-सरसीवां। अभ्यर्थियों को प्रचार प्रसार से पहले विज्ञापन का सर्टिफिकेट संबंधित जांजगीर-चांपा अथवा रायगढ़ जिला मुख्यालय पर गठित जिला स्तर की मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति से लेना होगा। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी माध्यम जैसे टीवी चौनल, केबल टीवी चौनल, टाकीज, रेडियो निजी एफएम रेडियो सहित, ई–समाचार पत्र, बल्क एसएमएम, वॉइस मैसेज, सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य–श्रव्य माध्यम, सोशल मीडिया, वेब पेज पर राजनीतिक विज्ञापन प्रसारण से पूर्व उपरोक्त कमेटी में क्रमशः राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी को अनुमति लेना आवश्यक है। यदि वे अनुमति नहीं लेंगे तो यह निर्वाचन नियमों का उल्लंघन है।

## खेती-किसानी के लिए किसानों को बांटे गए पंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

विकासखंड बिलाईगढ़ के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा 20 किसानों को शाकंभरी योजना के तहत सिंचाई पंप का वितरण किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार विकासखंड बिलाईगढ़ के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा वरिष्ठ कृषि अधिकारी कृष्ण कुमार साहू के मार्गदर्शन में 20 किसानों को सिंचाई पंप का वितरण किया गया।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विजय आनंद कुर्रे ने बताया कि किसानों के फसल को सुखे या अवर्षा की स्थिति में तालाब, नाला एवं कुएं से पंप के माध्यम से सिंचाई का लाभ ले सकते हैं, इसके लिए किसानों के पास आधा एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है। श्री कुर्रे ने बताया कि दो किसानों को दो एचपी का पेट्रोल पंप एवं 18 किसानों को डेढ़ एचपी का विद्युत पंप का वितरण अनुदान के तहत किया गया है, जिनमें जगदीश ध्रुव, ललित, हरीचरण, जवाहीर, जेठराम, बाबूलाल, संतराम, संतोष, गर्जन उदासीराम, शोभित राम, श्याम सुंदर, पंचराम, घासीदास, अशोक, गोपीनाथ, विजयराम, दऊवा, रतन सिंह, दास राम सहित बीस किसानों को सिंचाई पंप का वितरण किया गया।

# निकाली शोभायात्रा, पंथी नृत्य बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

समीपस्थ ग्राम नवागांव में अखिल भारतीय सतनाम सेना के खरोरा-तिल्दा इकाई के ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू पुरेना के नेतृत्व में सतनाम सैनिकों ने सतनामी समाज के धर्मगुरु युवराज सौरभ साहेब के जन्मदिवस पर शोभायात्रा निकाली। सतनाम धुन बजाते डीजे व पंथी नृत्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर राजेश्री वेशभूषा में अखिल भारतीय सतनाम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सतनामी समाज के धर्म गुरु बालदास साहेब विशेष रुप से उपस्थित थे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति प्रदान की। धर्मगुरु बाल दास साहेब व युवराज गुरु सौरभ साहेब ने उपस्थित संत समाज को आर्शीवचन प्रदान किया। साथ ही सतनम सेना के खरोरा तिल्दा इकाई के ब्लॉक अध्यक्ष पप्पू पुरेना ने सफल कार्यक्रम के आयोजन किये जाने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सतनाम सेना के पदाधिकारी महिला व पुरुष एवं सदस्यों में प्रमुख रूप से सूरज, कमल, बबलू, खिलेशवर, विजय, रवि, सूरज, योगेश, प्रवीण, राजकुमार, मिथलेश, संजू, राजेन्द्र, करमचंद, हरिश खिलेन्द, अतुल, कोमल, प्रकाश, चंदन, गजेन्द्र, घनश्याम, धरमदास, रिंकु, प्रेमलाल, मोतीलाल, कमल, होरीलाल, मुगेंलाल, लक्की, जगदीश, ज्ञानदास, जितेन्द्र, सपना, कामनी, नीलम, अल्का, ममता, लकेशवरी, रेखा, असलेखा, धनेश्वरी, रचना, पूजा, पिंकी, ममता आदि उपस्थित थे।



### कलाकारों ने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राइस मिल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, राजु शर्मा, अजय शुक्ला, अरविंद देवांगन, उमा पुरेना, अंकित वर्मा एवं सतनाम सेना परिवार के हजारों महिला साथी भंडारी छडीदार उपस्थित थे। दर्जनों कलाकार उषा बारले, द्वारिका बर्मन, चंदन बांधे, कुसुम प्रजापति, शशि सतनामी, राजेन्द्र रंगीला, मनोज आडिल, सनम टंडन, संजय नारंग, राजु मार्कंडेय एवं अन्य साथियों द्वारा मंच पर प्रस्तुति दी।

## अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई महुआ लाहन नष्ट

**महासमुंद।** जिले के पिथौरा क्षेत्र में सोमवार को ग्राम सरगतोरा के नाला किनारे अवैध हाथभट्टी महुआ शराब के निर्माण पर कार्रवाई करने आबकारी टीम पिथौरा ने दबिश दी। जहां पर गांव से दूर नाला किनारे में दो प्लास्टिक जेरिकेनों में लगभग 25 लीटर हाथभट्टी शराब कीमत 5000 रुपए और अलग अलग स्थानों में रखी 13 प्लास्टिक डिब्बों में कुल 340 किलोग्राम महुआ लाहन कीमत 17000 रुपए कुल बाजार मूल्य 22000 रुपए को जब्त किया गया। महुआ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। उक्त सामग्री के स्वामित्व के संबंध में पतासाजी किए जाने पर कुछ पता नहीं चलने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) (च), 34 (2) एवं 59 (क) के तहत प्रकरण कायम किया गया एवं अज्ञात आरोपियों के संबंध में पतासाजी की जा रही है।




### खाना बनाना नहीं आता कहते हुए पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम खोखेपुर में एक महिला के साथ उसके पति ने मारपीट की। पुलिस को प्रार्थिया रूपनी प्रधान पति केशनाथ प्रधान (23) ने बताया कि उसके पति आरोपी केशनाथ प्रधान ने खाना बनाना नहीं आता कहते हुए गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर सिर पर चोट पहुंचाया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।




# जनसंपर्क में निकले भाजपा कार्यकर्ताओं ने बृजमोहन के लिए मांगा वोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार-रायपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता जनसंपर्क के लिए निकले। सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं ने पुरानी बस्ती स्थित माता मौली के मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और जनसंपर्क अभियान पर निकले।

घर–घर जाकर अपने उम्मीदवार के लिए वोट मांगे और मोदीजी की सरकार बनाने की अपील करते दिखे। इस जनसंपर्क में बड़ी संख्या में सैकड़ों की तादात में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अभियान में भाजपा के नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र टिकरिह, शहर मंडल के अध्यक्ष संकेत शुक्ला, जिला के उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी, जिला उपाध्यक्ष नीलम सोनी, खोडस राम कश्यप, प्रमोद शर्मा, संतोष पटेल, कृष्णा सेन, मणिकांत मिश्रा, आदित्य बाजपेई, राहुल सोनी, पार्षद रिटा केसरवानी, पार्षद मनजीत कौर, संतोष शर्मा, सरिता मार्के, सबा अली खान, शिव नरेश मिश्रा, योगेश अग्रवाल, कृष्णा रोहित साहू, धनीराम, मार्केट, जितेंद्र महले, सुधराम पटेल, अक्षर अग्रवाल, अमितेश नेताम, संजय श्रीवास, कृष्ण कुमार पांडे, राजू सलूजा, नरसिंह वर्मा, गिरवर वैष्णव, भूपेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान में हिस्सा लेते दिखे।